





# विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण कर दिया गया संरक्षण का संदेश

## पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हर व्यक्ति हर साल कम से कम एक पौधा लगाए : जामोद, अध्यक्ष नगर निगम तथा कमिश्नर ने रोपे पौधे





नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 जून, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रीवा संभाग के सभी जिलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए. संभागीय मुख्यालय में मुख्य कार्यक्रम शासकीय इंजीनियरिंग कालेज परिसर में आयोजित किया गया. कार्यक्रम में रीवा नगर निगम के अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय तथा रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने पौधे रोपित किए.**

कार्यक्रम में आयुक्त नगर निगम तथा प्रभारी कलेक्टर अक्षत जैन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर एवं अन्य अधिकारियों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी पौधे रोपित किए. कार्यक्रम का आयोजन नगर निगम रीवा तथा जन अभियान परिषद द्वारा किया गया. इस अवसर पर कमिश्नर श्री जामोद ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हर व्यक्ति को हर साल कम से कम एक पौधा रोपित करना आवश्यक है. धरती पर जीवन तभी सुरक्षित रहेगा जब इस पर हरियाली की चादर होगी. शहरीकरण, औद्योगीकरण तथा अन्य विकास कार्यों में नष्ट होने वाले पौधों की तुलना में हमें दोगुने वृक्ष लगाने चाहिए. हमारे पूर्वज हमें हरी-भरी धरती सौंप के गए थे जिससे हमारा जीवन सुरक्षित रहा. भावी पीढ़ी के जीवन की सुरक्षा के लिए वृक्षारोपण ही एकमात्र उपाय है. विश्व पर्यावरण दिवस के साथ-साथ हम वर्ष भर पौधे रोपित करें तथा उनकी उचित देखभाल करके उन्हें तैयार करें. वृक्ष ही हमारे लिए जीवनदायिनी ऑक्सीजन के कारखाने हैं. इनका विनाश हमारे प्राणों पर संकट लेकर आएगा. कमिश्नर ने उपस्थितों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई. कार्यक्रम में उपायुक्त नगर निगम प्रकाश द्विवेदी, संभागीय समन्वयक जन अभियान परिषद प्रवीण पाठक, डॉ. मुकेश येंगल तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे.

**उद्यान विभाग के परिसर में रोपे गए पौधे** -उद्यान कार्यालय परिसर में पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ावा देना और स्वच्छ, हरित एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में जनभागीदारी को सुनिश्चित करना था. कार्यालय परिसर में प्रकृति को समृद्ध करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रजातियों के फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया गया. सहायक संचालक उद्यान श्रीमती दीक्षा चौरे ने समस्त मैदानी अमले और विभिन्न नर्सरियों के अधिकारियों व कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई.

### कलेक्टोरेट परिसर में किया गया पौधरोपण

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला, विकासखण्ड और ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करके पर्यावरण संरक्षण के संदेश दिए गए. इसके साथ-साथ जिले भर में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, सामाजिक संगठनों तथा आमजनों ने पौधे रोपित किए. कलेक्ट्रेट परिसर में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने पौधे रोपित करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. इस अवसर पर अपर कलेक्टर ने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है. धरती में तापमान का बढ़ना, वर्षा में अनियमितता और सूखे जैसे दुष्प्रभाव को रोकने के लिए वृक्षारोपण आवश्यक है. धरती पौधों से हरी, भरी रहेगी तभी हमें पर्याप्त आक्सीजन और पानी मिलेगा. विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हर व्यक्ति पर्यावरण संरक्षण का संकल्प ले. इस अवसर पर खनिज अधिकारी श्रीमती दीपमाला तिवारी तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे.

### विन्ध्य विकास प्राधिकरण कार्यालय परिसर में किया गया पौधरोपण

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विन्ध्य विकास प्राधिकरण कार्यालय परिसर में आम के पौधे रोपित किए गए. विन्ध्य विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. पंचूलाल प्रजापति, उपाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह, पूर्व महापौर एवं जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने इस अवसर पर पौधारोपण किया. पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए इस अवसर पर रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद तथा विन्ध्य विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिल दुबे ने भी पौधे रोपे. इस अवसर पर अध्यक्ष श्री प्रजापति ने कहा कि वृक्षों में देवों का वास होता है. प्राचीन काल से वृक्षों की पूजा की जा रही है. पर्यावरण की सुरक्षा में पेड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका है. पौधे रोपित करके हम सब पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें. उपाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है. हम सब मिलकर पर्यावरण संरक्षण के प्रयास करेंगे. विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधे रोपित करके इस प्रयास का शुभारंभ किया गया है. इस अवसर पर कमिश्नर श्री जामोद ने कहा कि पौधे ही पृथ्वी पर पर्यावरण को संतुलित करते हैं. पर्याप्त हरियाली होने पर ही तापमान नियंत्रित रहता है और अच्छी वर्षा होती है. जीव अपनी सांस से जो कार्बनडाई आक्साइड छोड़ते हैं उसे लेकर पौधे ही हमें आक्सीजन देते हैं. हमारी सांसे पौधों पर ही निर्भर हैं. इसलिए हर व्यक्ति को धरती को हरा-भरा बनाने में योगदान देना चाहिए. कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रीमती पन्नाबाई प्रजापति, अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा आमजन उपस्थित रहे.



## नीट परीक्षार्थी आकांक्षा के परिजनों से कलेक्टर ने की मुलाकात, हर संभव सहायता का भरोसा

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 5 जून, जिले के मंगनिया ग्राम निवासी एवं नागपुर में नीट परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा आकांक्षा चतुर्वेदी की दुखद मृत्यु की सूचना प्राप्त होने पर कलेक्टर संजय कुमार जैन ने गहरा शोक व्यक्त किया.**

कलेक्टर ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर चर्चा कर उन्हें इस कठिन समय में धैर्य बनाए रखने का संबल दिया तथा जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन प्रदान किया. कलेक्टर श्री जैन ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है. किसी भी परिवार के लिए अपनी संतान को खोना अपूरणीय क्षति है.

उन्होंने परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है और आवश्यकता पड़ने पर हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी. कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि परिवार की परिस्थितियों पर संवेदनशीलता के साथ नजर रखी जाए तथा शासन स्तर पर उपलब्ध सहायता और राहत संबंधी प्रावधानों की जानकारी परिजनों तक पहुंचाई जाए. उन्होंने कहा कि ऐसे कठिन समय में प्रशासन का दायित्व केवल औपचारिकता निभाना नहीं, बल्कि प्रभावित परिवार को मानसिक और सामाजिक संबल प्रदान करना भी है.

श्री जैन ने युवाओं एवं विद्यार्थियों से भी अपील की कि किसी भी प्रकार के मानसिक तनाव, परीक्षा संबंधी दबाव अथवा व्यक्तिगत कठिनाइयों की स्थिति में अपने परिवार, शिक्षकों एवं विशेषज्ञों से संवाद बनाए रखें. इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह, एसडीएम मऊगंज एपी द्विवेदी, सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे.

### संक्षिप्त




#### विश्व पर्यावरण दिवस किया गया पौधरोपण

**रीवा,** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष मे एमपी बिरला ग्रुप के रीवा स्थित संस्थान विंध्य टेलीलिंक्स लिमिटेड एवं बिरला केबल लिमिटेड मे वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी गण मौजूद रहे. उक्त जानकारी संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी प्रमोद सिंह द्वारा दी गई.

#### रीवा के नए लोकायुक्त एसपी बने योगेश्वर शर्मा

**रीवा,** लोकायुक्त डीजी योगेश देशमुख ने तीन जिले के लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक को इधर-उधर किया है. रीवा के लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक सुनील पाटीदार को भोपाल लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक बनाया गया है और रीवा के नये लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक योगेश्वर शर्मा होगे. अभी श्री शर्मा लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक सागर पदस्थ रहे. जिनको डीजी लोकायुक्त ने रीवा स्थान्तरित किया है. दरअसल भोपाल लोकायुक्त कार्यालय स्टिंग ऑपरेशन के बाद डीजी ने एक्शन लिया है जिसके परिणामस्वरूप स्थानांतरण की गाज गिरी है.

#### कलेक्टर मऊगंज ने एडीईओ को किया निलंबित

**मऊगंज ,**कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने जनपद पंचायत हनुमना के एडीईओ बंशराज गौतम को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए हैं. श्री गौतम द्वारा संबल योजना की अनुग्रह राशि वितरण में अनियमितता तथा कूटरचित दस्तावेज तैयार करने पर निलंबन की कार्रवाई की गई है. यह कार्रवाई मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के तहत की गई है. निलंबन अवधि में श्री गौतम का मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय मऊगंज रहेगा. उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा.



#### रोजगार मेले में 17 दिव्यांगों को मिला रोजगार

**रीवा,** जिला रोजगार कार्यालय तथा सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम के तहत दिव्यांगों के लिए मानस भवन में रोजगार मेले का आयोजन किया गया. रोजगार मेले में 30 दिव्यांगों द्वारा अपना पंजीयन कराया गया. रोजगार मेले में शामिल निजी क्षेत्र की पांच कंपनियों ने 17 दिव्यांगों का प्रारंभिक रूप से चयन किया. उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में यूनो मिडा लिमिटेड में एक, टाटा ऑटो क्राफ्ट प्रा. लिमिटेड में 9, गोदरेज कांज्यूमर प्रोडेक्टस लि. में 4 तथा मैरिको लिमिटेड मं 3 दिव्यांगों का प्रारंभिक रूप से चयन किया गया.

#### निर्धारित प्रपत्र में दें आहरण संवितरण अधिकारी की जानकारी

**रीवा,** संभागीय पेंशन अधिकारी एमएस पैकरा ने सभी कार्यालय प्रमुखों से निर्धारित प्रपत्र में कार्यालय के आहरण संवितरण अधिकारी की जानकारी देने का अनुरोध किया है. श्री पैकरा ने कहा है कि सभी शासकीय कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों का निराकरण अब राज्य केन्द्रीय पेंशन प्रक्रिया केन्द्र भोपाल से किया जा रहा है. इस कार्यालय द्वारा निर्धारित प्रपत्र में आहरण संवितरण अधिकारियों की जानकारी चाही गई है. जानकारी में कार्यालय के ट्रेजरी कोड, आहरण संवितरण अधिकारी का नाम, मोबाइल नम्बर, देयकों के लिए अधिकृत लिपिक का नाम तथा मोबाइल नम्बर अवश्य दर्ज करें. इसके साथ-साथ कार्यालय की ई मेल आईडी का भी प्रपत्र में उल्लेख अवश्य करें. जिले के सभी आहरण संवितरण अधिकारियों की जानकारी गूगल शीट में दर्ज की जा रही है.

# शहर हमारा है और इसकी स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखना सभी की जिम्मेदारी है : अजय

## विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर निगम परिषद की विशेष बैठक, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 पर हुई विस्तृत चर्चा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 जून, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिक निगम रीवा की 19वीं विशेष परिषद बैठक शुक्रवार को परिषद सभागार में सभापति व्यंकटेश पाण्डेय की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ.**

बैठक में महापौर अजय मिश्रा, निगम आयुक्त अक्षत जैन, एम आई सी सदस्य, पार्षदगण तथा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे. बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 तथा सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई. इस दौरान स्रोत स्तर पर चार प्रकार से अनिवार्य कचरा पृथक्करण, वार्ड स्तर पर जनजागरूकता अभियान संचालित करने, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के विभिन्न आयामों तथा शहर की स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श किया गया. बैठक में महापौर



नगर निगम परिषद की बैठक में महापौर एवं एमआईसी सदस्य

अजय मिश्रा ने कहा कि शहर हमारा है और इसकी स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखना हम सभी की जिम्मेदारी है. उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से स्वच्छता व्यवस्था में निरंतर सुधार के लिए सजग एवं सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया. साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने पर भी बल दिया. चर्चा के दौरान एमआईसी सदस्य धनेन्द्र सिंह बघेल, मनीष नामदेव, नेता प्रतिपक्ष दीनानाथ वर्मा, पार्षद अंबुज रजक, समीर शुक्ला, श्रीमती नम्रता सिंह, राजीव शर्मा तथा सालिकराम नापित, विधायक प्रतिनिधि विवेक दुबे ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 एवं कचरा संग्रहण व्यवस्था, कचरा पृथक्करण तथा नालियों की नियमित सफाई को लेकर अपने सुझाव प्रस्तुत किए.

बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 एवं सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के पालन को सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए.

# नवीन न्यायालय परिसर में किया गया पौधरोपण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 जून, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रीवा के नवीन न्यायालय भवन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वृक्षारोपण किया गया. विशेष न्यायाधीश संदीप शर्मा ने सभी को पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की अपील की.**

नवीन न्यायालय भवन परिसर, पौधरोपण करते न्यायाधीशगण, विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रीवा द्वारा नवीन न्यायालय भवन में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. यह कार्यक्रम माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ.

विशेष न्यायाधीश संदीप शर्मा की गरिमामय उपस्थिति में जिला न्यायाधीश श्रीमती अंजली पारे, राजेन्द्र शर्मा, राममनोहर सिंह डॉगी, सुधाशु सिन्हा, शशांक खरे, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी श्रीमती शिवानी शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्रा, न्यायाधीश वरूण शर्मा, बृजेश चन्सोरिया, दिलीप माहौर ने पौधरोपण किया. कार्यक्रम में लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ सुरेन्द्र सिंह, डिप्टी चीफ मंजूर अहमद मंसूरी, आनंद पाण्डेय सहित अन्य व्यक्तियों ने भी अनेक पौधे रोपित किए.

इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश श्री संदीप शर्मा ने सभी उपस्थित जनों को विश्व पर्यावरण दिवस की बधाई दी और ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया. 'सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की बधाई. पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए हम सभी को ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने चाहिए. एक पेड़ लगाना जीवन बचाने जैसा है. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की इस पहल से नवीन न्यायालय परिसर हरा-भरा होगा.

## अपार आईडी बनाने आज लगेंगे शिविर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 जून, जिले के शासकीय स्कूलों में कक्षा नर्सरी से 12वीं तक अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाई जा रही है.**

इसके लिए सभी स्कूलों में 6 जून को अपार आईडी मेगा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं. जिला समन्वयक शिक्षा मिशन राजेश तिवारी ने बताया कि शिक्षकों के माध्यम से अभिभावकों को शिविर के संबंध में जानकारी दी गई है. सभी प्राचार्य और प्रधानाध्यापक अपने स्कूल में अपार आईडी के लिए शिविर लगाकर सभी छूटे हुए विद्यार्थियों की अपार आईडी बनवाएं. शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए अपार आईडी आवश्यक है. अपार आईडी के माध्यम से विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम, समग्र रिपोर्ट कार्ड, छात्रवृत्ति वितरण तथा अन्य उपलब्धियों को डिजिटल रूप से दर्ज करने की भी सुविधा है.



## वार्ड भ्रमण के दौरान निगम आयुक्त से लोगों ने की नाली सफाई और अतिक्रमण की शिकायत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 जून, शहर की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए निगम आयुक्त अक्षत जैन ने शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 34, 35, 36, 37 एवं 38 का भ्रमण किया.**

इस दौरान उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सीवरेज, सड़क निर्माण तथा नागरिक सुविधाओं से संबंधित कार्यों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने वार्डों में संचालित विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की. उन्होंने क्षेत्र में वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए नालियों की नियमित सफाई, जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त रखने तथा जलभराव की संभावित समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश भी अधिकारियों को दिए. भ्रमण के दौरान वार्ड 34 तकिया मोहल्ले में नालियों की सफाई, वार्ड 36 में खलगा नाले की सफाई, वार्ड 37 में नाली के ऊपर किए गए अतिक्रमण वही वार्ड 38 में बस्ती में विभिन्न स्थानों पर पेयजल रोड रेस्टोरेशन, चुनहाई कुआँ से हनुमान मंदिर तक सीवरेज रोड रेस्टोरेशन का कार्य के संबंधी समस्याओं से अवगत कराया गया, जिस पर निगम आयुक्त ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. भ्रमण के दौरान वार्ड पार्षद श्रीमती सूफिया बेगम, अख्तर अली, सूरज केवट सहित अधिकारी मौजूद रहे.

## किसानों को किया गया जागरूक

**रीवा, 5 जून,** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कृषि विभाग द्वारा जिले भर में विभिन्न आयोजनों के माध्यम से किसानों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया गया. इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि रीवा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत अजगरहा में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम में किसानों को खरीफ फसलों में खाद के संतुलित उपयोग, नरवाई प्रबंधन, आधुनिक कृषि तकनीक तथा प्राकृतिक खेती का संदेश दिया गया. किसानों को मिट्टी का परीक्षण कराकर मृदा कार्ड बनाने एवं मृदा कार्ड के अनुसार खेत में फसल लेने के लिए प्रेरित किया गया. कार्यक्रम में किसानों को ई विकास प्रणाली से ई टोकन के माध्यम से खाद वितरण की जानकारी भी दी गई. किसानों को बताया गया कि सहकारी समितियों, डबल लॉक सेंटर तथा निजी विक्रेताओं से अब केवल ई टोकन के माध्यम से ही खाद प्राप्त होगी. किसान अपनी फार्मर आईडी के माध्यम से स्लॉट बुक करके ई टोकन प्राप्त करें. इसी के माध्यम से खाद का वितरण किया जाएगा.

## रोजगारपरक औद्योगिक विकास हमारी पहली प्राथमिकता : डॉ. संगीता



नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 जून, सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति की बैठक जिला पंचायत सभागार रीवा में सभापति डॉ संगीता शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक की शुरुआत 34 सूत्रीय बिंदुओं को लेकर हुई.**

जिसमे प्रमुखता के साथ खाद की उपलब्धता और स्वरोजगार योजनाओं के क्रियान्वयन रोज़गार सृजन सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा उपरांत सभापति डॉ संगीता शर्मा ने खरीफ सीज़न में नवीन ई टोकन प्रणाली से जिले मे किसानों को खाद सरल व पारदर्शी तरीक़े के साथ सुगमता और बिना किसी परेशानी से सभी निर्धारित केंद्रों पुख़्ता इंतज़ाम के साथ उपलब्ध कराने का निर्देश देते हुए किसी प्रकार की लापरवाही या अन्य तरीक़ों से वितरण की शिकायत नही मिलने की बात सहकारिता विभाग तथा विपणन के अधिकारियों से सख्त लहजे में कहा. पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन बिंदुओं पर सभी विभागों के अधिकारियों प 'नाराजगी जताते हुए तत्काल कार्रवाई कर प्रस्तुत करने को कहते हुए बैंकों में स्वरोजगार योजनाओ के लंबित प्रकरणों को शत प्रतिशत स्वीकृत कराकर साथ में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, भगवान बिरसा मुंडा धरती आबा योजना के प्रकरणों का निराकरण त्वरित कर हितग्राहियों को हितलाभ वितरण करे. नवीन रोजगार सृजन हेतु नवीन उद्योगों के स्थापना की दिशा में घूमा में विकसित किए गए औधोगिक क्षेत्र में आबंटित प्लाट पर उद्योग स्थापना पर चर्चा करने के उपरांत प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के हितग्राहियों को कौशल प्रशिक्षण उपरांत प्रमाण पत्र के साथ हितलाभ वितरण करते हुए डॉ संगीता ने कहा की रोजगारपरक औद्योगिक विकास हमारी पहली प्राथमिकता हैं जिससे क्षेत्र में प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर प्राप्त हो. अंत मे आभार ज्ञानेन्द्र पांडेय महाप्रबंधक सहकारी बैंक रीवा ने व्यक्त किया. इस दौरान लाभार्थी हितग्राहियों सहित समित के सचिव जे.पी.तिवारी महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग उपायुक्त सहकारिता, फूड, विपणन विभाग, महाप्रबंधक सहकारी बैंक, समाज कल्याण, अल्प संख्यक कल्याण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एनआरएलएम प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, माइनिंग विभाग सहित अधिकारीगण उपस्थित रहे.